नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी घंडल में राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी घंडल में शनिवार को मानवाधिकार पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। शुभारंभ सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी रामासुब्रामनियन ने किया। इस मौके पर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और शिमला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति न्यायमूर्ति एल नारायण स्वामी भी मौजूद रहे।

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने किया आगाज

मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के डिजिटल युग में हमें मानवाधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए शैक्षणिक स्तर पर विचार अध्ययन कर इन अधिकारों के विस्तारीकरण और इसमें और बदलाव लाने के लिए प्रयास करने होंगे। हिमाचल प्रदेश लॉ यूनिवर्सिटी के जन संपर्क अधिकारी चंचल कुमार सिंह ने इस सम्मेलन में देश भर में चलाए जा रहे प्लास्टिक प्रयोग न करने के अभियान का समर्थन किया।

Amar Ujala dated November 10, 2019